## एक नजर में

### 159वें बड़वाह नगर गौरव दिवस पर आज होगा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन...

**बड़वाह , निप्र ।** 159वें बड़वाह नगर गौरव दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा बुधवार, 1 जुलाई को रात्रि 8 बजे नगर पालिका परिषद परिसर में भव्य अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।इस अवसर पर देश के ख्यातिनाम कवि एवं कवयित्रियां अपनी ओजस्वी, हास्य, वीर एवं श्रृंगार रस से परिपूर्ण काव्य प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिष्ठित कवि एवं कवयित्रियां शामिल होकर अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कवि सम्मेलन का संचालन एवं सूत्रधार के रूप में प्रसिद्ध कवि शिव शैलेन्द्र यादव (धार) उपस्थित रहेंगे। कवि सम्मेलन में कवि राव अजातशत्रु (राजस्थान), कवयित्री योगिता चौहान (उत्तरप्रदेश), कवि पार्थ नवीन (प्रतापगढ़), कवि दिनेश देशी घी, कवि मुकेश शाण्डिल्य, कवयित्री श्रद्धा शौर्य शामिल होगी। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने नगर के समस्त नागरिकों से इस गौरवशाली आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर गौरव दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बड़वाह की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं सामाजिक पहचान का प्रतीक है। ऐसे आयोजन नगर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। नगर पालिका परिषद बड़वाह द्वारा आयोजित इस विराट कवि सम्मेलन में साहित्य प्रेमियों को देश के नामचीन कवियों की उत्कृष्ट काव्य प्रस्तुतियां सुनने का अवसर प्राप्त होगा।




### नशा मुक्ति पर विधि विद्यार्थियों को मिला कानूनी मार्गदर्शन

**खरगोन, निप्र ।** शासकीय विधि महाविद्यालय, खरगोन में विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'नशा मुक्ति : हमारी सामूहिक जिम्मेदारी' विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहन सोनी, प्राचार्य, सेवा सदन लॉ कॉलेज, बुरहानपुर उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह मंडलोई द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि डॉ. मोहन सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है।उन्होंने कहा कि कानून के विद्यार्थियों की भूमिका इस दिशा में और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे समाज को न केवल नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करा सकते हैं, बल्कि नशा मुक्ति से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी जन-जन तक पहुंचा सकते हैं।उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा मुक्ति किसी एक व्यक्ति या संस्था का कार्य नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।अपने व्याख्यान में डॉ. सोनी ने मादक पदार्थों के सेवन से संबंधित कानूनी पहलुओं, एनडीपीएस एक्ट तथा समाज में इसके बढ़ते प्रभाव को रोकने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला।उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके विरुद्ध जागरूक करने का आह्वान किया।

### 6 सुत्रीय मांगों को लेकर एकजुट हुए पेंशनर्स, सौंपा ज्ञापन

**खरगोन, निप्र ।** मध्यप्रदेश के 5 लाख पेंशनर्स की ज्वलंत लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से उनमें और उनके परिवारों में गहरा असंतोष व्याप्त है। पेंशनर्स ने मंगलवार को एकजुटता दिखाते हुए कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम लंबित मांगों के निराकरण की आस में ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स हाथों में पेंशनर्स से छलावा बंद करोए बंद करोए अभी तो यह अंगड़ाई हैए आगे और लड़ाई हैण्ण्ए हम अपना अधिकार मांगतेए नही किसी से भीख मांगतेण्ण् जैसे नारे लिखी तख्तियां लिए पहुंचे थे। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन के बैनर तले सौंपे ज्ञापन में बताया कि पेंशनर्स को देय तिथि से न तो महंगाई राहत दी जा रही है।न ही स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिल रहे हैं।इससे उनका मनोबेल गिरा है। वे अभावग्रस्त जीवन जीने को मजबूर हैं। पेंशनर्स की मुख्य मांगों में मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49 ;6द्ध को तत्काल समाप्त करना शामिल है। इसके अलावाए राज्य सरकार की केशलैस बीमा योजना में पेंशनर्स से 4 प्रतिशत प्रीमियम लेने का प्रावधान अन्यायपूर्ण बताया। मांग की गई कि या तो कोई प्रीमियम न लिया जाए अथवा कर्मचारियों से अधिक न हो।पेंशनर्स को देय आर्थिक लाभ 4ए 6ए 8 माह बाद अथवा 1 वर्ष बाद मुश्किल से दिए जाते हैंए जिससे उनके हक पर डाका डालने जैसा है।उन्हें एरियर भी नहीं दिया जाताए जो घोर अन्याय है। ज्ञापन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों द्वारा दिए गए निर्देशों का हवाला दिया गयाए जिसमें मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को केंद्र की तिथि से ही लाभ देने को कहा गया है। उच्च न्यायालय ने मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को कोरोना काल के छठवें वेतनमान का 32 माह और सातवें वेतनमान का 27 माह का एरियर 6 प्रतिशत ब्याज दर से भुगतान करने के निर्देश भी दिए हैंए जिस पर तत्काल कार्यवाही अपेक्षित है।

### अमृत रुपी बारिश के बीच गुरुद्वारा में बही गुरबाणी की अमृत वर्षा

**खरगोन, निप्र ।** शहर के तिलक पथ स्थित गुरुद्वारा साहिब में सिख धर्म के छठे गुरू मीरी पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिन्द साहिब का प्रकाश पुरब गुरू भक्ती में लीन होकर मनाया गया।० श्री गुरुसिंघ सभा खरगोन के प्रधान हरचरण सिंह भाटियाए सेक्रेटरी कमलजीत सिंह गांधी ने बताया कि श्री गुरु हरगोबिन्द साहिबजी के प्रकाशपूरब पर सोमवार रात्रि एवं मंगलवार सुबह गुरुद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन ?दीवान आयोजित किये गए। सभा के हजूरी जत्थे भाई पवन सिंह एवं लखनऊ से आए भाई सुखप्रीत सिंहए पवनदीप सिंह के जत्थे ने गुरबाणी का जसगान किया। मंगलवार दोपहर रिमझिम बारिश के बीच गुरुद्वारा साहेब में गुरबाणी की अमृत वर्षा के बीच भक्ति की बयार कही। गुरबाणी शब्दों की अमृतवर्षा से उपस्थित संगत निहाल हो गईए दरबार जो बोले सो निहालए सत .श्री अकाल के जयघोष से गूंजायमान होता रहा। सभा की स्त्री सत्संग जत्था प्रमुख बीबी रानू सैनी एवं सभा के लंगर सेवा प्रमुख जसबीर सिंह भाटिया ने बताया कि कीर्तन समागम के बाद गुरू के अटूट लंगर का आयोजन हुआए जिसमें विशेष रूप से मिस्सी रोटी एवं प्याज़ का वितरण किया गया। आयोजन में अमरजीत सिंह छाबड़ाए गुरुभजन सिंह भाटियाए राजा भाटियाए सोनू भाटियाए मंटू भाटियाए गुरदीप सिंह भाटियाए अमन भाटियाए अमरजीत सिंह भाटिया स्त्री सत्संग जत्थे कि गुरमीत कौर भाटियाए स्वीटी भाटियाए प्रीति चावलाए मिन्नी भाटियाए हरजीत कौर चावला एवं सिमरन भाटिया का सेवा में विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### मानचित्रकार एसएस अटोदे को सेवानिवृत्ति पर समारोहपूर्वक दी विदाई

**खरगोन, निप्र ।** जल संसाधन विभाग में मानचित्रकार के पद पर लंबे समय तक सेवाएं देने वाले शिवकरण अटोदे 30 जून को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति पर उन्हें समारोहपूर्वक विदाई दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकालए कर्तव्यनिष्ठा और सरल व्यक्तित्व को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में अजाक्स परिवार के बलीराम निगोलेए प्रदीप करोंदियाए रामेश्वर बड़ोले सहित विभाग के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि श्री अटोदे ने अपने पूरे सेवाकाल के दौरान ईमानदारीए अनुशासन और समर्पण के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर परअटोदे को पुष्पमालाएं पहनाकर एवं स्मृति .चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री अटोदे ने विभाग के अधिकारियोंए सहकर्मियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासकीय सेवा के दौरान मिला स्नेहए सहयोग और अपनापन उनके जीवन की अमूल्य पूंजी रहेगाए जिसे वे सदैव स्मरण रखेंगे।

# जल संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक पहल

## जल गंगा संवर्धन अभियान का जिला स्तरीय समापन



**नवभारत न्यूज**

**खरगोन, निप्र ।** 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय समापन एवं सम्मान समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत ऊन बुजुर्ग, जनपद पंचायत खरगोन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक श्री पाटीदार द्वारा डॉ. मोहन यादव के जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी संदेश का वाचन किया गया। संदेश में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण तथा जनभागीदारी के माध्यम से जल-सुरक्षित एवं समृद्ध मध्यप्रदेश के निर्माण का आह्वान किया गया।

**जल संरक्षण से बदली तस्वीर, उत्कृष्ट कार्यों का सम्मान:-** मुख्य अतिथि विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व में ग्रीष्मकाल के दौरान जिले में गंभीर पेयजल संकट की स्थिति रहती थी, लेकिन जल संरक्षण, खेत तालाब, कूप रिचार्ज एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यों के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। भू-जल स्तर में सुधार हो रहा है तथा किसानों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री मिलिंद कुमार नागदेवे ने बताया कि जनभागीदारी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यों के कारण जिले में लगभग 61 करोड़ लीटर वर्षा जल के संग्रहण एवं भू-जल पुनर्भरण की क्षमता विकसित हुई है, जिससे सिंचाई, कृषि उत्पादन एवं पेयजल व्यवस्था को दीर्घकालीन मजबूती मिलेगी। उन्होंने 01 जुलाई 2026 से लागू होने वाले विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) - VB GramG की जानकारी भी दी। परियोजना अधिकारी मनरेगा श्याम कुमार रघुवंशी ने बताया कि वैज्ञानिक आधार पर चयनित जल संरचनाओं के माध्यम से जिले में जल उपलब्धता एवं पर्यावरण संरक्षण को स्थायी आधार मिला है। समारोह में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सरपंचों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्षारोपण का संकल्प लिया। समारोह का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। समारोह में पूर्व अध्यक्ष, जिला पंचायत श्री जगदीश पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मिलिंद कुमार नागदेवे, श्री संतोष पाटीदार, श्री गजेंद्र पटल्या, श्री भूपेंद्र पाटीदार सहित जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अभियान की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ

कार्यक्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया गया। बताया गया कि अभियान के अंतर्गत जिले में कुल 8,352 जल संरक्षण एवं जल संवर्धन कार्य पूर्ण किए गए। प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप खरगोन जिले ने 7.44 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठा स्थान अर्जित किया। अभियान के अंतर्गत अमृत सरोवर, खेत तालाब, कूप रिचार्ज, सिंचाई अधोसंरचना, जल संरचनाओं का मरम्मत एवं संधारण, जल संरक्षण एवं रिचार्ज तथा वाटरशेड से संबंधित कार्य व्यापक स्तर पर किए गए। इसके साथ ही जल संचय जनभागीदारी 2.0 के अंतर्गत लक्ष्य से अधिक कार्य पंजीकृत किए गए। गैप फिलिंग एवं VB GramG श्रेणी के सैकड़ों कार्यों का भी सफलतापूर्वक निष्पादन किया गया। अभियान के सफल संचालन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के साथ-साथ 15 विभागों की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे यह अभियान जनआंदोलन का स्वरूप ले सका।

### सैमसंग और पैरामाउंट मिलकर करेंगे काम



**कसरावद, निप्र ।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय, पैरामाउंट एकेडमी में मंगलवार को *ÓSamsung Solve for Tomorro2 2026' के अंतर्गत 'स्टूडेंट आउटरीच एंड डिज़ाइन थिंकिंग' सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हैदराबाद से पधारे विशेषज्ञ चैतन्य और वरुण उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती जागृति चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यार्थियों को सत्र के दौरान विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीक और समाज केंद्रित विषयों से अवगत कराया गया, जिसमें मुख्य रूप से शामिल थे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), स्वास्थ्य और शिक्षा, स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी, पर्यावरण और स्थिरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया गया। विशेषज्ञ वक्ता ने छात्रों को डिज़ाइन थिंकिंग की प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि किस प्रकार समाज की वास्तविक समस्याओं की पहचान कर तकनीक की सहायता से प्रभावी एवं उपयोगी समाधान विकसित किए जा सकते हैं। सत्र में विद्यार्थियों को Samsung Solve for Tomorro2 2026 प्रतियोगिता की पूरी जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि यह राष्ट्रीय स्तर का नवाचार कार्यक्रम है, जिसमें 14 से 22 वर्ष आयु वर्ग के युवा अपने विचार प्रस्तुत कर देश के विकास में योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक नवाचार आधारित परियोजनाएँ तैयार कर Innovate Today, Transform Tomorro2' के संदेश के साथ समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की तथा विभिन्न विषयों पर अपने नवाचारी विचार साझा किए। कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक बबलू वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवाचार (Innovation), रचनात्मक सोच (Creative Thinking) तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी शिक्षक श्री बबलू वर्मा द्वारा विशेषज्ञों को धन्यवाद दिया गया।

## पौधारोपण कर बुजुर्गों का किया सम्मान

**कसरावद, निप्र ।** भारतीय जैन संगठना कसरावद चैप्टर द्वारा आशा निकेतन में वृद्धजनों का पुष्प माला एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए संगठना के अध्यक्ष सचिन जैन रायली ने कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवार एवं समाज की रीढ़ होते हैं। लेकिन विडंबना है कि वर्तमान में कई बुजुर्ग वृद्धाश्रम में रहने को मजबूर है। भारतीय जैन संगठना ने ऐसे ही बुजुर्गों के बीच जाकर उनका सम्मान किया और उन्हें अपनेपन का अहसास कराया। इसके साथ ही बिगड़ते पर्यावरण को लेकर वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ पौधारोपण किया।



संघटना द्वारा वृद्धाश्रम परिसर में 11 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए। कार्यक्रम में संघटना के उपाध्यक्ष नगीन धनोंते ने भी विचार व्यक्त किए। आभार सचिव संजय जैन ने माना। कार्यकम में अनूप जैन, पंकज जैन,वृद्धाश्रम संचालक गजेंद्र बजाज सहित वृद्धजन उपस्थित थे।

## उत्पादक समूहों की क्षमता वृद्धि पर विशेष प्रशिक्षण

**खरगोन, निप्र ।** मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं एक्सेस डेवलपमेंट संस्था के सहयोग से जनपद पंचायत खरगोन के सभा कक्ष में उत्पादक समूहों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उत्पादक समूहों की क्षमता वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। प्रशिक्षण में जिले के चार विकासखण्डों से चयनित 20 उत्पादक समूहों की 40 दीदियों ने सहभागिता की। सत्रों के दौरान उत्पादक समूहों के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही समूहों द्वारा



निर्मित उत्पादों की ब्रांडिंग एवं आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक श्री रमाकांत पाटीदार ने उत्पादों की गुणवत्तापूर्ण पैकिंग के महत्व पर चर्चा की। वहीं मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आयोजित प्रशिक्षण में एक्सेस डेवलपमेंट के फार्म एंटरप्राइज एक्सपर्ट श्री मुकेश पाटीदार द्वारा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## एचडीपीएस क्लोजर पद्धति 5 हजार एकड़ में हो रही कपास में खेती



**खरगोन, निप्र ।** कृषि विभागए निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन और बीटल रीजन द्वारा कपास की खेती को बढ़ावा देने के लिए एचडीपीएस पद्धति एवं क्लोजर पद्धति अपनाने के लिए किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस वर्ष किसानों ने करीब 5 हजार एकड़ रकबे में एचडीपीएस एवं क्लोजर पद्धति से कपास की बुआई की है। इस फसल के बेहतर उत्पादन एवं गुणवत्ता बनाए रखने के लिए विभाग एवं एनजीओ पदाधिकारी निगरानी रखने के साथ ही रखरखाव की सलाह भी दे रहे है। निरंजनलाल अग्रवाल फाउंडेशन और बीटल रीजन के प्रतिनिधि मुकेश सिंह चौहान ने बताया मंगलवार को कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर एसएस राजपूत के साथ ग्राम सैलानी और बाल्यापुरा का दौरा किया गया। यहां उन प्रगतिशील किसानों के खेतों का भ्रमण कियाए जिन्होंने इस वर्ष एचडीपीएस ;हाई डेंसिटी प्लांटिंग सिस्टमद्ध और क्लोजर पद्धति ;पासण्पास बोनीद्ध से कपास की फसल लगाई है। भ्रमण के दौरान किसानों का मार्गदर्शन करते हुए डीडीए ने कहा कि एचडीपीएस एवं पीजीआर का छिड़काव और सही वैरायटी बेहद जरूरी है। यह फसल के संतुलित विकास और बेहतर पैदावार के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

## 7 को जिला रोजगार कार्यालय में होगा युवा संगम

**खरगोन, निप्र ।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 07 जुलाई 2026 को जिला रोजगार कार्यालय, खरगोन में प्रात: 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला) का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। युवा संगम के दौरान स्वरोजगार में रुचि रखने वाले युवाओं (आयु 18 से 45 वर्ष) को ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी, जिससे वे स्वरोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें। इस मेले में 8वीं से स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/आईटीआई उत्तीर्ण युवक, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है, भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रिज्यूम/सीवी, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य), अन्य प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां एवं पासपोर्ट साइज के दो फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 07282-232787 पर संपर्क किया जा सकता है।युवा संगम कार्यक्रम/रोजगार मेला पूर्णत: नि:शुल्क है।

## राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश प्रभारी राजेश बर्डे पहुंचे

**खरगोन, निप्र ।** राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक सब्जी मंडी पार्क में संपन्न हुई। संगठन के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता राजेश बर्डे को प्रदेश प्रभारी बनने पर गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन सभी धर्म जाति समुदाय से मिलकर बना हैं, प्रदेश प्रभारी राजेश बर्डे ने बैठक में कहा है कि आज पुरे देश में देखा जा रहा हैं, जो गरीब हैं उनके ऊपर अन्याय, अत्याचार बढ़ता ही जा रहा हैं, पीढ़ित न्याय के लिए दर, दर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई उचित न्याय नहीं मिल पाता, एक तरफ सरकार आदिवासी हितेषी बताती हैं तो वहीं दूसरी और किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं, लेकिन अब संगठन मजबूती से संवैधानिक रूप से लड़ाई लड़ेंगे, अब बर्दास्त नहीं करेंगे, ऐसे गरीब, पीढ़ित, शोषित लोगों को न्याय दिलाने का काम करेंगे, और हर अन्याय, अत्याचार, शोषण भ्रष्टाचार के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएंगे, राजेश बर्डे ने आगे कहा है कि राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जल, जंगल, जमीन जैसे मुद्दों पर काम करेगा। गंभीर मुद्दों को लेकर प्रदेश प्रभारी राजेश बर्डे सहित कई कार्यकर्ता ज्ञापन देने के लिए जनसुनवाई में पहुंचे।

## शाला त्यागी 21 बच्चों को पुन : स्कूलों में प्रवेश दिलाया



**मंडलेश्वर, निप्र ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी के निर्देश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री प्रीति जैन के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालेंटियर्स ने जिले के शाला त्यागी बच्चो को जन शिक्षकों ,प्रधान पाठकों और प्राचार्यो के सहयोग से चिन्हित कर उनके पालको से सम्पर्क कर उन्हें समझाईश देकर पुन: स्कूलों में प्रवेश दिलवाने का कार्य किया है। मंडलेश्वर के पी एल वी दुर्गेश राजदीप ने महात्मा गाँधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य जे के सोनी और जन शिक्षक सरदार सिंह ठाकुर के सहयोग से नगर और आस पास के शाला त्यागी बच्चों कों चिन्हित कर उनके पालको को समझा कर बच्चों कों पुन: स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर पाँच बच्चों कों पुन: स्कूल में प्रवेश दिलाया। इस प्रकार पी एल वी अकील खान द्वारा कसरावद में दो विद्यार्थी कों पुन: स्कूल में प्रवेश दिलाया गया। बड़वाह की पी एल वी सुश्री दीपमाला शर्मा द्वारा तीन शाला त्यागी बच्चो को पुन: प्रवेश दिलाया गया। रविंद्र अम्बिया ने सनावद में ग्यारह बच्चों कों प्रवेश दिलाया। शाला त्यागी बच्चों को चिन्हित करते समय एक बालक दीपेश जगन्नाथ ने बताया कि वह सत्र 2019-20 में एक निजी स्कूल में कक्षा 8 वी में पढ़ रहा था। 8 वी पास होने के बाद उसको फीस नही भर पाने के कारण स्कूल प्रबंधन द्वारा अंक सूची और दाखला नही दिया गया।इस कारण छात्र आगे की पढ़ाई नही कर पा रहा था पढ़ाई छूटने के कारण वह अपने पिता के काम में हाथ बटाने लगा था।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शाला त्यागी बच्चों को चिन्हित करते हुए पी एल वी दुर्गेश राजदीप द्वारा छात्र दीपेश महासे का आवेदन लेकर संकुल प्राचार्य के माध्यम से दाखला और अंकसूची दिलवाने का निवेदन किया इस आवेदन पर संकुल प्राचार्य द्वारा तुरंत दाखला और अंकसूची छात्र को प्रदान करने का निर्देश निजी स्कूल को जारी किया गया। इसके बाद स्कूल द्वारा संकुल प्राचार्य कार्यालय में दाखला अंकसूची छात्र को प्रदान की गई।

## एक नजर में

### लग्जरी थार कार से 243 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त

# महेश्वर में आबकारी टीम की बड़ी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर, निप्र ।** जिला प्रशासन के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में महेश्वर आबकारी टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग ए.बी. रोड पर घेराबंदी कर एक लग्जरी महिंद्रा थार वाहन से अवैध शराब की बड़ी खेप जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। कलेक्टर भव्या मित्तल के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी बृजेन्द्र कोरी के निर्देश तथा नियंत्रण कक्ष प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सजेंद्र मोरी के मार्गदर्शन में वृत्त महेश्वर के आबकारी दल ने रविवार रात्रि गश्त के दौरान यह कार्रवाई की। आबकारी विभाग को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि इंदौर की ओर से काले रंग की महिंद्रा थार (क्रमांक स्क्ष्09'0414) में बड़ी मात्रा में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर आबकारी दल ने राष्ट्रीय राजमार्ग ए.बी. रोड पर घेराबंदी कर वाहन को रोकने का प्रयास किया। घेराबंदी देखकर वाहन चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पंचनामा कार्रवाई के दौरान वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से देशी प्लेन मदिरा की 25 पेटियां (1250 क्वार्टर), मैकडोवेल व्हिस्की की 1 पेटी तथा लंदन प्राइड व्हिस्की की 1 पेटी बरामद की गई। इस प्रकार कुल 243 बल्क लीटर देशी एवं विदेशी मदिरा जब्त की गई। वृत्त प्रभारी एवं आबकारी उपनिरीक्षक देवराज नगीना द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई के दौरान जब्त मदिरा एवं परिवहन में प्रयुक्त महिंद्रा थार वाहन सहित कुल सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 13 लाख 13 हजार 348 रुपये आंका गया है।

